आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 15.09.2025

समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के साहित्यकारों को उत्तराखंड दीर्घकालीन साहित्य सेवी सम्मान से सम्मानित किया; कहा– उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

- राज्य सरकार ने प्रदेशभर की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 136 करो़ड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।

- प्रदेशभर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड 35 हजार 283 मामलों का निस्तारण किया गया।

- ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने बरसात के दौरान भूस्खलन से अवरुद्ध ग्रामीण सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर खोलने के निर्देश दिए।

साहित्य सेवी सम्मान

राज्य सरकार ने छह साहित्यकारों को उत्तराखंड दीर्घकालीन साहित्य सेवी सम्मान से सम्मानित किया है। इस सम्मान को पाने वालों में सोमवारी लाल उनियाल और अतुल शर्मा शामिल हैं, जबकि साहित्यकार शैलेश मटियानी, गिरीश तिवारी 'गिर्दा', शेरदा अनपढ़ और हीरा सिंह राणा को मरणोपरांत यह सम्मान दिया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल हिंदी दिवस पर आईआरडीटी सभागार, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में साहित्यकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार दो साहित्य ग्राम स्थापित करेगी और उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साहित्य और संस्कृति के संरक्षण के लिए राज्य सरकार ठोस कार्य कर रही है और स्थानीय भाषाओं व बोलियों को सुरक्षित रखने का प्रयास भी जारी है।

कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाओं में हिंदी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं सहित भाषायी प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले 176 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

वित्तीय स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशभर की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए कुल 136 करोड़ 68 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

इसमें चंपावत में उद्यान फार्म और विपणन केंद्र की स्थापना, देहरादून के धर्मपुर क्षेत्र में पाइपलाइन बदलने, बागेश्वर के कपकोट क्षेत्र में धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्वरूप देने, टिहरी के धनौल्टी क्षेत्र में यात्री विश्राम गृह बनाने सहित कई कार्य शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के तहत ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन, शहरी निकायों को अनिर्दिष्ट एवं आबद्ध अनुदान की पहली किस्त भी स्वीकृत की गई है।

जीएसटी

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। 3 सितंबर को जीएसटी परिषद द्वारा आम लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई घरेलू वस्तुओं पर कर दरों में कटौती के साथ उनका यह सपना साकार हुआ है। आज, हम बात कर रहे हैं ऑटोमोबाइल सेक्टर की।

2025 में सरकार ने ऑटोमोबाइल सेक्टर में बड़े स्तर पर जीएसटी दरों में कटौती की है। बाइक, कार, बस, ट्रैक्टर और ट्रकों पर अब कम टैक्स लगेगा। 350 सीसी तक की बाइकों और छोटी कारों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि ट्रैक्टरों पर यह सिर्फ 5 प्रतिशत रह गया है। बड़े वाहनों से सेस हटाकर टैक्स प्रणाली को सरल बनाया गया है।

पाल "निसान इंडिया" की हल्द्वानी यूनिट के महाप्रबंधक सतीश पाण्डे का मानना है कि आटोमोबाइल सेक्टर में जीएसटी दर में कटौती करने से वाहनों के बीमा और पंजीकरण शुल्क में भी कटौती होगी।

इन जीएसटी सुधारों से अब गाड़ियाँ सस्ती होंगी, एम.एस.एम.ई को प्रोत्साहन मिलेगा, और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। यह सुधार "मेक इन इंडिया" और स्वच्छ परिवहन को भी बल देगा।

भंडफोड़/गिरफ्तारी

हरिद्वार की सिडकुल थाना पुलिस ने नकली शैंपू बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से करीब 15 लाख रुपये का नकली शैंपू भी बरामद किया गया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि डेंसो चौक के पास एक मकान में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली शैंपू बनाया जा रहा है। छापेमारी में नामचीन शैम्पू के हजारों पैकेट, शैंपू फिलिंग मशीन, बड़ी मात्रा में खाली बोतलें और पैकिंग सामग्री मिली।

गिरफ्तार आरोपित हरिद्वार जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।

लोक अदालत

13 सितंबर को पूरे प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड 35 हजार 283 मामलों का निस्तारण किया गया। इसमें 91 दशमलव सात करोड़ रुपये से अधिक के समझौते भी हुए।

राज्यभर में आयोजित लोक अदालत में उच्च न्यायालय, 13 जिला न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, वाह्य न्यायालय और उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में कुल 146 खंडपीठ गठित की गईं।

निर्देश

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने बरसात के दौरान भूस्खलन से अवरुद्ध सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर खोलने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत समीक्षा बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को युद्धस्तर पर सड़कों को खोलने और क्षतिग्रस्त पुलों का शीघ्र पुनर्निर्माण करने को कहा।

श्री जोशी ने कहा कि सड़क कटान से निकले मलबे को केवल चिन्हित डंपिंग जोन में ही डाला जाए, ताकि किसानों की खेती को नुकसान न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि इस बरसात में सबसे अधिक नुकसान उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में हुआ है। सड़कों और पुलों के नुकसान का 415 करोड़ रुपये का आकलन कर केंद्र सरकार को भेजा गया है।

सहकारिता

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि हिमालयी राज्यों की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में सहकारिता ऐसा माध्यम है, जो यहां की तकदीर बदल सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश मिलकर सहकारी बैंकों और समितियों में व्यावसायिक नवाचार पर काम करेंगे और इसके लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करेंगे।

शिमला में राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉक्टर रावत ने कहा कि सहकारिता से ग्राम्य जीवन, महिला सशक्तिकरण, कृषि, दुग्ध उत्पादन और कुटीर उद्योगों को नई दिशा मिल सकती है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के तहत अब तक 11 लाख 19 हजार से अधिक लाभार्थियों और 6 हजार 251 स्वयं सहायता समूहों को 6 हजार 812 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया है।

उन्होंने बताया कि सहकारिता विभाग 3 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक प्रदेशभर में सहकारी मेलों का आयोजन करेगा, जिससे किसानों, कारीगरों, युवाओं और महिला समूहों को बाजार उपलब्ध होगा और सहकारिता के विस्तार को नया आयाम मिलेगा।

परीक्षा संपन्न

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित उत्तराखंड राज्य बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2025 राज्यभर के 21 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई।

इस परीक्षा के लिए कुल 7 हजार 770 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 7 हजार 254 यानी 93 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 516 अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की गई।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

हिंदी दिवस पर राज्य के साहित्यकारों व कवियों को सम्मानित किया गया। इस समाचार को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है – छह साहित्यकारों को मिला उत्तराखंड दीर्घकालीन साहित्य सेवी सम्मान। दैनिक जागरण ने उत्तराखंड में बनाएं जाएंगे दो साहित्य ग्राम शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया है।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट गुरमीत सिंह ने उत्तराखंड के राज्यपाल के तौर पर आज चार साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस खबर को भी सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है – राज्यपाल ने चार साल में पांच लक्ष्य पाने के लिए शुरू की थी नई पहल।

भारतीय जनता पार्टी ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इस खबर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है – बीजेपी ने की उत्तराखंड में नई टीम की घोषणा। नवोदय टाइम्स लिखता है – भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित।

राष्ट्रीय लोक अदालतों को लेकर भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है – राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड 35,283 वादों का किया निस्तारण।